प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 30.05.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग हलाइंग आज से भारत की पांच दिन की यात्रा पर हैं। उनके साथ कई कैबिनेट मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और व्यापारिक नेताओं सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत पंहुचा। राष्ट्रपति के रूप में उनकी यह भारत की पहली यात्रा है। वे आज सुबह बिहार के बोधगया पहुंचे, जहां उन्होंने मंदिर में पूजा–अर्चना की। वे कल नई दिल्ली में म्यांमार–भारत व्यापार मंच में भाग लेंगे। उनका सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वार्ता का कार्यक्रम है।
राष्ट्रपति यू मिन आंग की इस यात्रा से दोनो देशों के बीच बहुआयामी संबंधों के और अधिक मजबूत तथा प्रगाढ़ होने की आशा है। म्यांमार भारत की पड़ोसी पहले, एक्ट ईस्ट और महासागर नीतियों में विशेष स्थान रखता है।

0000

लेफ्टिनेंट जनरल एन एस राजा सुब्रमणि देश के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष सीडीएस होंगे। वे जनरल अनिल चौहान का स्थान लेंगे, जो आज सेवानिवृत्त हो गए है। जनरल चौहान को आज दिल्ली स्थित राष्ट्रीय समर स्मारक पर तीनों सेनाओं द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। विदाई समारोह में जनरल चौहान ने कहा कि तीनों सेनाओं द्वारा दिए गए गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सेवानिवृत्त होना उनके लिए अत्यंत सम्मान की बात है। चार दशकों से अधिक की सेवा के बाद जनरल चौहान ने अपने कार्यकाल को संतोषजनक और उत्कृष्ट बताया।

0000

प्रदेश में चल रहे वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान" के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है। 25 मई से शुरू हुए अभियान के तहत जल स्त्रोतो की साफ सफाई और पेयजल संरचनाओं का जीर्णोद्वार तथा श्रमदान के साथ जागरूकता आयोजन रखे जा रहे है। इस क्रम में सरहदी जिले जैसलमेर में रिचार्ज शॉफ्ट संरचनाओं का लोकार्पण किया गया। इनके जरिये जल संरक्षण और भूजल संवर्द्धन के लिए जागरूकता बढायी गई। सवाईमाधोपुर के बाडोलास में गम्भीर नदी पर बने एनिकट पर जल पूजन और पीपल पूजन का आयोजन हुआ। इसी तरह पाली जिले के सादडी में एतिहासिक प्रतापगढ बावडी पर भी कार्यक्रम रखा गया। जिले के सुमेरपुर में केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने डायवर्जन चैनल का लोकार्पण किया। इस दौरान निकाली गई प्रभात फैरी में बडी संख्या में आमजन शामिल हुए।

0000

वित्तीय सेवा विभाग ने लावारिस वित्तीय संपत्तियों से संबंधित जानकारी लोगों तक सुगमता से पहुंचाने के लिए कॉमन लैंडिंग पोर्टल शुरू किया है। यह पोर्टल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के समूह– पीएसबीए के सहयोग से विकसित किया गया है। पीएसबीए देश के 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित एक केंद्रीकृत कंपनी है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि पोर्टल वित्तीय प्रणाली से जुड़े ऐसे बैंक खातों, बीमा दावों, शेयरों, लाभांश और म्यूचुअल फंड से संबंधित जानकारी लोगों तक पहुंचाता है, जिनका कोई दावेदार नहीं है।

0000

कोटा जिले में पशुओ से इंसानों में फैलने वाली बीमारी ब्रुसेलोसिस का प्रकोप दिखाई देने पर चिकित्सा विभाग सतर्क हो गया है। नगर निगम की बंधा गौशाला और दो निजी गौशालाओं की 11 गायों में इस रोग की पुष्टि हुई है। संक्रमित गायों को आइसोलेट किया गया है। नेशनल वन हैल्थ प्रोग्राम फोर प्रीवेंशन एण्ड कन्ट्रोल के नोडल ऑफिसर डॉ. खुशाल सोलंकी ने बताया कि इस बीमारी से संक्रमित पशु का दूध पीने और इनके संपर्क में आने वालो में भी इनकी चपेट में आने की आशंका बनी रहती है। सूचना मिलने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा टीम गठित कर स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है।

0000

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग और महिला तथा बाल विकास विभाग की ओर से बच्चो को विटामिन ए की खुराक पिलाने का विशेष अभियान शुरू हुआ। 29 जून तक चलने वाले अभियान के तहत 9 महीने से 5 साल तक के बच्चों को खुराक दी जायेगी। पाली में सभी स्वास्थ्य केन्द्रों, आंगनबाडी केन्द्रों और जिला अस्पताल में अधिक से अधिक बच्चों को दवा पिलाने के इंतजाम किए गए है।

0000

मौसम विभाग ने प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज 30 जिलों में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। कल शाम मौसम में अचानक बदलाव के बाद उत्तर पूर्वी जिलो में तेज अंधड़, बारिश और ओले गिरने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। चूरू, हनुमानगढ़, बीकानेर, सीकर, अलवर, जयपुर, भरतपुर, झुंझुनूं और करौली सहित कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। राजधानी जयपुर और शेखावाटी क्षेत्र के कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग ने दो दिनों तक प्रदेश में मौसम का यह बदला हुआ मिजाज बने रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

0000